नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **7**

V-107 (Supp.)

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–X) पूरक परीक्षा, 2018

लेवल – द्वितीय वर्ष

विषय – सुरक्षा

समय : 2 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक: 30

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।

खण्ड – अ

(बहुविकल्पीय प्रश्न 1 से 10 तक)

1. दाहिने मुड़ में कितने डिग्री घुमाव होता है ? $\frac{1}{2}$

   (अ) 120° (ब) 90°

   (स) 30° (द) 180°

2. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू हुआ था $\frac{1}{2}$

   (अ) 2004 (ब) 2005

   (स) 2006 (द) 2007

3. भारत में अर्द्धसैनिक बलों की संख्या है – $\frac{1}{2}$

   (अ) 10 (ब) 15

   (स) 12 (द) 8

4. CPU का भाग नहीं है $\frac{1}{2}$

   (अ) कंट्रोल यूनिट (ब) ALU (ऐ एल यू)

   (स) स्केनर (द) एम यू

5. एक बाईट में बिट्स होती हैं $\frac{1}{2}$

   (अ) 6 (ब) 7

   (स) 8 (द) 9

6. लॉग इन करने का दूसरा नाम है $\frac{1}{2}$

(अ) साइन आऊट (ब) साइन इन

(स) टाईम इन (द) प्राइम इन

7. इनमें से कौन सा ई–मेल पता वैध नहीं है ? $\frac{1}{2}$

(अ) India.User.com. (ब) India User.com@

(स) India User.co.in. (द) इनमें से कोई नहीं

8. यदि घायल व्यक्ति साँस नहीं लेता है तो – $\frac{1}{2}$

(अ) उसे मुँह से मुँह की साँस दें । (ब) कुछ नहीं करें ।

(स) सबसे पहले अस्पताल ले जाये । (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. CCTV प्रणाली का प्रधान घटक नहीं है $\frac{1}{2}$

(अ) कैमरा (ब) मॉनीटर

(स) वीडियो रिकार्डर (द) माइक्रोफोन

10. सुरक्षा गार्ड पुरुष की सामान्य लम्बाई होनी चाहिये $\frac{1}{2}$

(अ) 150 सेमी (ब) 160 सेमी

(स) 170 सेमी (द) 180 सेमी

खण्ड – ब

(अति लघूत्तरात्मक प्रश्न)

11. परेड का नेतृत्व कौन करता है ? $\frac{1}{2}$

12. रक्त परिसंचरण तंत्र के मुख्य अंग बताइये । $\frac{1}{2}$

13. टेकवोंडो (ताइक्वांडो) किस देश का मार्शल आर्ट व राष्ट्रीय खेल है ? $\frac{1}{2}$

14. NCERT का पूरा नाम लिखिये । $\frac{1}{2}$

15. भारत के संविधान के अनुसार कानून और व्यवस्था __________ का विषय है । $\frac{1}{2}$

16. राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के किसी भी भाग को अशांत क्षेत्र घोषित करने का अधिकार किसको है ? $\frac{1}{2}$

17. ITBP का पूरा नाम लिखिये । $\frac{1}{2}$

18. कम्प्यूटर प्रणाली में "पेंसिल टूल" का क्या उपयोग है ? $\frac{1}{2}$

19. RAM (रैम) का पूरा नाम लिखिये । $\frac{1}{2}$

20. कम्प्यूटर प्रणाली में "फोल्डर" का क्या उपयोग है ? $\frac{1}{2}$

21. ई–मेल प्रणाली की हानि क्या है ? $\frac{1}{2}$

22. अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में ई–मेल लिखने को ________ माना जाता है । $\frac{1}{2}$

23. ई–मेल प्रणाली में मौखिक उतार–चढ़ाव और ________ की कमी होती है । $\frac{1}{2}$

24. प्राथमिक चिकित्सा में ABC का क्या अर्थ है ? $\frac{1}{2}$

25. भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार अपराधों को कितनी श्रेणी में बाँटा गया है ? नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

26. टिम्बर गांठ का उपयोग लिखिये । $\frac{1}{2}$

27. एक स्वस्थ शिशु के शरीर में कितनी हड्डियाँ होती हैं ? $\frac{1}{2}$

28. केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र के भागों के नाम लिखिये । $\frac{1}{2}$

29. सुरक्षा गार्ड के लिए कोई चार आवश्यक उपकरणों के नाम लिखिये । $\frac{1}{2}$

30. भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति कब लागू हुई ? $\frac{1}{2}$

खण्ड – स

31. कवायद के तीन लाभ बताइए । $1\frac{1}{2}$

32. आग प्रज्वलित होने के सामान्य कारणों का उल्लेख कीजिये । $1\frac{1}{2}$

33. कम्प्यूटर प्रणाली में बिट्स और बाइट का अन्तर स्पष्ट कीजिये । $1\frac{1}{2}$

34. ई–मेल में कॉन्टेक्ट ग्रुप बनाने के लाभ बताइये । $1\frac{1}{2}$

35. प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण का महत्त्व बताइये । $1\frac{1}{2}$

36. सुरक्षा गार्ड के प्रकार बताइये । $1\frac{1}{2}$

खण्ड – द

37. युद्ध के दौरान भारतीय थल सेना, भारतीय नौ–सेना और भारतीय वायु सेना की भूमिकाएँ एवं कार्य बताइये । **3**

38. आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिये । **3**